Simla Chandigarh Diocese
Bishop's House, P.O. Box No: 709, Sector 19-A Chandigarh - 160 019, INDIA.

† Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh

TEL: 0172-2775777, 2773777
FAX: 0172-2781630
EMAIL: bpignatius@gmail.com

07 अक्टूबर को प्रार्थना और उपवास का दिन

सभी विश्वासीजन, धार्मिक भाई बहन एवं शिमला चण्ड़ीगढ़ धर्मप्रांत के पुरोहितगण

ख्रीस्त में प्यारे भाईयों एवं बहनों,

02-27 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाला धर्माध्यक्षों की 16वीं साधारण धर्मसभा का दूसरा सत्र, तीन साल पहले शुरू हुई कलीसिया की वैश्विक धर्मसभा प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण चरण का प्रतीक है। संत पापा फ्रांसिस ने 02 अक्टूबर, बुधवार को पवित्र संरक्षक स्वर्गदूतों के पर्व पर सेंट पीटर स्क्वायर में पवित्र मिस्सा समारोह के साथ धर्मसभा की दूसरी सभा की शुरुआत की।

संत पापा फ्रांसिस ने अपने उपदेश में कहा कि कलीसियाई यात्रा को युद्ध और हिंसा की इस घड़ी में सुसमाचार के आनंद को बढ़ावा देना चाहिए। इसलिए, उन्होने ने पवित्र भूमि में शांति के लिए, आवर लेडी ऑफ रोज़री के पर्व पर '07 अक्टूबर को प्रार्थना और उपवास का दिन' मनाने का आह्वान किया है। मैं आपसे विश्व में शांति और सद्भाव के लिए 07 अक्टूबर, 2024 को प्रार्थना और उपवास का एक दिन बिताने के संत पापा फ्रांसिस के आह्वान का हमारे धर्मप्रांत में पालन करने का भी आग्रह करता हूँ ।

संत पापा फ्रांसिस के शब्दों में, "आइए हम एक साथ चलें..., हमारे धर्मप्रांत ने 02 अक्टूबर, 2024 को डायोसेसन पास्टराल सेंटर, सेक्टर 19 चंडीगढ़ में पुरोहितों, धर्मबंधुओं और विश्वासियों (254 प्रतिभागियों) की एक बड़ी सभा के साथ जुबली 2025 को विश्वास और उल्लास के साथ मानने की तैयारी शुरू की। डायोसियन पैस्टोरल कौंसिल के बैठक का मुख्य विषय: "जुबली 2025: में परिवार के पासबानी एवं कानूनी पहलू " था। यह मेरा विश्वास है कि वेटिकन द्वितीय की महासभा के चार प्रमुख संविधानों और परिवार पर फादर केजूस और फादर अनिल सेक्विरा द्वारा दी गई जानकारी हमारे परिवारों और समाज में खुशी और आशा का साम्राज्य स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि परिवार, समाज और कलीसिया की प्रमुख इकाई है। मैं प्रभु के सुसमाचार की घोषणा में आपके सहयोग, सद्भावना और उत्सुकता की सराहना करता हूँ ।

मैं कामना और प्रार्थना करता हूं कि आप व्हाट्सएप, ईमेल और डायोसेसन वेबसाइट: www.simlachandigarhdiocese.com और यूट्यूब चैनल: simlaChandigarhdiocese के माध्यम से भेजी जाने वाली जानकारी हेतु संसाधन सामग्रियों से खुद को नियमित रूप से शिक्षित करते रहेंगे ।

मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप हमारे सभी धर्मप्रांत के पुरोहितों के लिए प्रार्थना करें जो 20-25 अक्टूबर 2024 को क्लर्जी होम, अमलोह में वार्षिक मनन-चिंतन शिविर में भाग लेंगे और 15-17 नवंबर 2024 को येसु दया सागर प्रार्थना भवन, कौली, पंजाब में वार्षिक करिश्माई सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

एक बार फिर, मैं आपके और आपके परिवारों के लिए प्रार्थना अर्पित करता हूँ, और ईश्वर आपको आशीर्वाद प्रदान करें ! मैं आप सभी को असीसी के संत फ्रांसिस के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ ।

04 अक्टूबर, 2024 को बिशप हाउस, चंडीगढ़ में असीसी के संत फ्रांसिस के पर्व पर दिया गया।

I wish all of you a very happy Feast of St. Francis of Assisi. Given on October 04, 2024 on the Feast of St. Francis of Assisi at Bishop's House, Chandigarh.

With all my good wishes,

+Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh

Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh